Seventeenth Loksabha

>

Title: Demand for early election of Shromani Gurudwara Prabandhak Committee.

श्री जसबीर सिंह गिल (खडूर साहिब): सर, बड़ी कुर्बानियों के बाद वर्ष 1935 में इसी पार्लियामेंट हाउस में सिख गुरूद्वारों की साज-संभाल के लिए शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी एक्ट पास हुआ था । इसके इलेक्शन हर पांच साल के बाद होते हैं । इसमें टोटल 185 मैम्बर्स चुनकर जाते हैं, जिनमें से 11 हरियाणा से, 1 हिमाचल प्रदेश से और बाकी पंजाब से होते हैं । इसके लास्ट इलेक्शन सितम्बर, 2011 में हुए थे । इस कमेटी की टर्म वर्ष 2016 में खत्म हो चुकी है । महोदय, पंजाब विधान सभा ने वर्ष 2018 में एक रिजॉल्यूशन लाकर और इसको पास करके भारत की सरकार को भेजा है कि इसके इलेक्शन दोबारा कराए जाएं, जिसके तीन साल निकल चुके हैं । वहां पर गुरुद्वारा के गोलक की लूट हो रही है, करप्शन हो रहा है । इस इलेक्शन को डिले करके हम सभी उस लूट और पाप में भागी बन रहे हैं । मेरा आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से यह निवेदन है, जो हर काम को बहुत ही अच्छे तरीके से करते हैं, उनसे मेरी यह विनती है कि जल्दी से जल्दी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के इलेक्शन का एलान किया जाए और उसको कराया जाए, ताकि गुरुद्वारे में जो लूट हो रही है, जो गलत काम हो रहा है, उससे बचा जा सके ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री जसबीर सिंह गिल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है । माननीय सदस्यो, मेरा आपसे आग्रह है कि शून्य काल में अपनी बात को कहकर अपनी मांग को रख दें । मैं किसी को रोकना नहीं चाहता हूं । यह सदन आपका है । आप अपनी प्रस्तावना को रखते हुए अपनी मांग को रख दें ।